### योगी ने मोदी के दौरे की तैयारियों का जायजा लिया, यूनिवर्सिटी का मॉडल देखा

# स्टेट यूनिवर्सिटी ,डिफेंस कॉरिडोर बनेंगे विकास की धुरी: मुख्यमंत्री

**तैयारी**

अलीगढ़ | **कार्यालय संवाददाता**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजा महेन्द्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी व डिफेंस कॉरिडोर अलीगढ़मंडल के विकास धुरी बनेंगे। स्टेट यूनिवर्सिटी में जहां स्किल डेवलपमेंट और अन्य रोजगारपरक शिक्षा मिलेगी। वहीं अलीगढ़ के ताले दुनिया में मशहूर हैं, हार्डवेयर उद्योग से यहां की पहचान है। अब डिफेंस कॉरिडोर से एक नया मंच उद्यमियों को मिलेगा।

सीएम बुधवार को अलीगढ़ में 14 सितंबर को पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लेने आए थे। सीएम दोपहर करीब साढ़े 12 बजे से हैलीकॉप्टर से लोधा के गांव नदरोई में कार्यक्रम स्थल पहुंचे। जहां उन्होंने पूरे कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही स्टेट यूनिवर्सिटी का मॉडल देखा और विभागीय अधिकारियों ने पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के जरिए सीएम को जानकारी दी। इसके बाद सीएम ने पीएम मोदी के लिए तैयार किए जा रहे मंच व पंडाल की तैयारियों का जायजा लिया। जिसके बाद वह सर्किट हाउस पहुंचे। अलीगढ़-आगरा मंडल के जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक की। सीएम ने पत्रकारों से कहा कि अलीगढ़ और कमिश्नरी के लिए एक खुशखबरी है कि आगामी 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजा महेन्द्र प्रताप सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी व डिफेंस कॉरिडोर का शिलान्यास करेंगे। स्टेट यूनिवर्सिटी से अलीगढ़ कमिश्नरी से जुड़े हाथरस, कासगंज, एटा से जुड़े हुए लगभग 400 महाविद्यालयों का लाभ मिलेगा। शिलान्यास के साथ ही राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय से महाविद्यालयों के सम्बद्ध होने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। यहां पाठ्यक्रम के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट और अन्य रोजगार परक कार्यक्रम भी छात्र-छात्राओं को उपलब्ध होंगे। खैर तहसील के गांव अंडला में विकसित किए जा रहे डिफेंस कॉरिडोर पर बोलते हुए सीएम ने कहा कि अलीगढ़ कमिश्नरी क्षेत्र के विकास की धुरी यह कॉरिडोर बनने जा रहा है। डिफेंस कॉरिडोर की सौगात 2018 में प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश को दी थी। यूपी में अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट विकसित किए जा रहे हैं। अलीगढ़ जो ताला व हार्डवेयर के लिए जाना चाहता था। यहां के ताले दुनिया में मशहूर है। उसको एक नया मंच मिलने जा रहा है। उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा भी मौजूद रहे।



प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अलीगढ़ के लोधा में बुधवार को निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। साथ में डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा भी मौजूद रहे।

## राजा महेन्द्र प्रताप के त्याग को एएमयू ने भुलाया

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों की बैठक में कहा कि राजा महेन्द्र प्रताप सिंह ने विपरीत परिस्थितियों में भी देश के लोगों की शिक्षा की चिंता करते हुए एएमयू के लिए जमीन दी थी। प्राचीन भारत में शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए कार्य किया। एएमयू उन्हीं की दी हुई जमीन पर खड़ा हुआ है। यह दुर्भाग्य रहा है कि एएमयू के साथ ही राजनीतिक दल राजा महेंद्र के त्याग और बलिदान को भूल चुके हैं।